चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अति आवश्यक

पत्रांक : उ0पु0/361
दिनांक : 25/11/2022

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यवाहक प्राचार्य,
समस्त सम्बद्व चिकित्सा शिक्षा संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ।

विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन व चुनौती मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया जैसा कि आप अवगत है कि विश्वविद्यालय स्तर पर चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं चुनौती मूल्यांकन प्रस्तावित है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षक कतिपय कारणों से उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन एवं चुनौती मूल्यांकन में वांछित सहयोग प्रदान नहीं कर रहे है।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13(e) के अनुसार विंश्वविद्यालय में कुलपति का यह दायित्व है कि वह विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में सम्पादित परीक्षाओं का परीक्षाफल अविलम्ब निर्गत करने की व्यवस्था करें। यह भी उललेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर इस आशय के दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है कि चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रमों के परीक्षाफलों में किसी प्रकार की देरी न हो।

आपके संस्थान के शिक्षकगण द्वारा चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्र की सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं चुनौती मूल्यांकन में सहयोग प्रदान न करना उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के प्रावधानों व राज्य शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश का स्पष्ट उल्लंधन है।

उपरोक्त के आलोक में आपसे अपेक्षा है कि आप अपने महाविद्यालयों/संस्थानों के कार्यरत शिक्षकों को इस आशय के निर्देश निर्गत करें कि वह विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन व चुनौती मूल्यांकन में कोई व्यवधान उत्पन्न न करते हुए पूर्ण सहयोग करें तथा संस्थानों द्वारा परीक्षकों को उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन व चुनौती मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन करने हेतु ड्यूटी लीव प्रदान करें।

भवदीय

25.11.2022

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सादर संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।

सहा0 कुलसचिव
(उ0पु0/गोप0)

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA